SEVEN ELEVEN SCHOLASTIC SCHOOL(ICSE)
SECOND PRELIMS EXAMINATION
2020-2021

Name :___________
Grade: X Div: __ Roll No.____
Subject- हिंदी

Date-20th Feb' 2021
Marks- 80
Duration: 3hrs

Answer to this paper must be written on the paper provided separately.
You will not be allowed to write during the first fifteen minutes.
This time is to be spent in reading the question paper.
The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.

This paper comprises of two sections—Section A and Section B
Attempt all the questions from Section A.
Attempt any four questions from Section B, answering at least one question each from the two Books you have studied and any two other questions.
The intended marks for questions or part of questions are given in brackets [ ].

## SECTION A (40 Marks)
Attempt all questions

**Question 1**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics :-** (15)

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में एक संक्षिप्त लेख लिखिए :-**


i. फल और सब्ज़ियाँ खाना स्वस्थ्य के लिए किस प्रकार लाभदायक है ? विभिन्न फलों और सब्ज़ियों के पोषक तत्त्वों की जानकारी देते हुए वर्णन कीजिए।

ii. 'जो समय की कद्र करता है समय भी उसी की कद्र करता है।'- विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रकट कीजिए।

iii. कल्पना कीजिए कि आप एक समाज सेवक हैं। अपने देश में शिक्षा तथा समाज कल्याण के क्षेत्र में आप कौन-कौन से कार्य करेंगे ? कारण सहित लिखिए।

iv. 'बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर, पंछी को छाया नहीं फल लागे अति दूर' – इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए एक लेख लिखिए।

v. चित्र को ध्यान से देखिए। चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए या कहानी लिखिए, जिसका सीधा सम्बन्ध इस चित्र से होना चाहिए –



Question 2 (7)

write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below:-

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए -

i. अपने जिला शिक्षा अधिकारी को अपने जिले के विद्यालयों की खस्ता इमारतों के सुधार हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

ii. आपके विद्यालय में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया है। आपने भी उसमें भाग लिया है, अतः अपने मित्र को मेले में आमंत्रित करने के लिए पत्र लिखिए।

Question 3

Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow using your own words as far as possible :-

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

हर व्यक्ति के जीवन में एक बार तो ऐसा समय आता ही है जब उसे लगने लगता है कि सारी चीजें विरोध में हैं। वह किसी के लिए कितना भी अच्छा सोचे, सामने वाले को गलत ही लगेगा। वह कितनी भी मेहनत कर ले उसे असफलता ही मिलेगी। ऐसे समय में उसके मस्तिष्क में नकारात्मक विचार ही उमड़ते रहते हैं, जो निरंतर अविश्वास की बारिश करते हैं तथा निराशा में डुबो देते हैं। इस परिस्थिति में मनुष्य को सरल मार्ग दिखाई देता है जीवन के त्याग का। किन्तु जीवन का त्याग कर जीवन को विराम देना कोई समाधान नहीं है, यदि ऐसी स्थिति में कोई आगे बढ़कर हाथ थाम ले, कोई सहारा दे तो हो सकता है कि निराश व्यक्ति का जीवन भी प्रकाशित हो जाए और ऐसा व्यक्ति अवसाद से मुक्त हो इतना बड़ा कार्य करे कि इतिहास ही रच दे, और लोग दाँतों तले अँगुली दबा लें। कहने का तात्पर्य है कि यदि हम किसी हताश-निराश व्यक्ति को प्रेरित करते हैं तो उसका मनोबल बढ़ता है। उसका आत्मविश्वास जाग जाता है और यहीं से आरम्भ होता है असंभव को संभव कर दिखाने का सफ़र।

देखा जाए तो हर व्यक्ति की अपनी क्षमताएँ एवं सीमाएं होती हैं, किन्तु विपरीत परिस्थिति होने पर उसे अपनी ही शक्ति पर अविश्वास-सा होने लगता है। ऐसे में उसका मनोबल डगमगाने लगता है, इस स्थिति में थोड़ी सी प्रेरणा ही उसे उत्साहित कर देती है। इस बात को हम ऐसे भी समझ सकते हैं कि जब सबको पता लग चुका था कि सीता जी को लंका का राजा रावण अपहरण कर समुद्र पार कर लंका ले गया है... तब भी लंका जाकर सीता जी को ढूंढने का कार्य... अथाह समुद्र को पार कौन करे, किसमें है इतना साहस ? यह विकट समस्या थी। इस विकट समस्या का समाधान जामवंत ने ढूँढ़ निकाला। उन्होंने हनुमानजी को यह कार्य करने हेतु प्रेरित किया एवं उनमें सोई हुई शक्ति का उन्हें एहसास दिलाया। हनुमानजी को भी अपने पर भरोसा हुआ और उन्होंने राम-नाम लेते हुए समस्त कार्य पूर्ण कर डाले। इस प्रकार विकट परिस्थितियों में सदैव अपने लिए प्रेरणा के साधन ढूँढें, जो आपको सकारात्मकता की ओर ले जाएं।

1. व्यक्ति के मन में नकारात्मक विचार कब आते हैं ? (2)
2. नकारात्मक विचार आने पर व्यक्ति को कौनसा मार्ग दिखाई देता है ? (2)
3. निराशा को व्यक्ति कैसे दूर कर सकता है ? (2)
4. गद्यांश में किस पौराणिक घटना का वर्णन किया गया है ? (2)
5. उपर्युक्त गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए। (2)

Question 4

Answer the following according to the instructions given :-

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर - निर्देशानुसार लिखिए

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (1)

   i. सत्कार, ii. संपद, iii. शुक्ल, iv. संकीर्ण

2. निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- (1)

   i. अनुचर, ii. उजाला

3. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों से विशेषण बनाइए – (1)

   i. बाहर, ii. भगाना, iii. आप, iv. ज्योति

4. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए – (1)

   i. परताप, ii. बिधयालय, iii. प्रर्लय, iv. मुसकान

5. निम्नलिखित में से किसी एक मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए - (1)

   i. उन्नीस-बीस का अंतर, ii. इतिश्री करना, iii. कमर कसना, iv. घी के दिये जलाना

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों में कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए - (2)

   i. इतनी आयु होने पर भी वह विवाहित नहीं है। ('नहीं' हटाइए किन्तु वाक्य का अर्थ न बदले)

   ii. इस प्रश्न का उत्तर कोई नहीं जानता। ('किसी' का प्रयोग करते हुए वाक्य पुनः लिखिए किन्तु वाक्य का अर्थ न बदले)

   iii. हम उड़ना नहीं जानते। ('हम' के स्थान पर 'हमें' का प्रयोग करके वाक्य पुनः लिखिए)

7. निम्नलिखित में से किसी एक वाक्य का काल परिवर्तन करो - (1)

   i. बच्चे फुटबॉल खेलेंगे। (अपूर्ण वर्तमानकाल में बदलिए)

   ii. आज आँधी आएगी। (संभाव्य भविष्यत् काल में बदलिए)

## Section-B (40 marks)

*Attempt four questions from this section.*

*You must answer at least one question from each of the two books, and any two other questions from the same books that you have chosen.*

**साहित्य सागर -संक्षिप्त कहानियाँ**

**( Sahitya Sagar-Short Stories )**

**Question 5**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that given below :-**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

"हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा। मुड़कर देखा तो अवाक्
गए।"

(नेता जी का चश्मा –स्वयं प्रकाश)

(Neta Ji Ka Chashma – Swayam Prakash)

1. हालदार साहब को क्या अच्छा नहीं लगा था, पर क्यों ? (2)
2. कैप्टन के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए। (2)
3. कैप्टन क्या काम करता था ? मूर्ति पर चश्मा लगाने से क्या उसे कोई फ़ायदा होता था ? अपने विचार व्यक्त कीजिए। (3)
4. हालदार साहब को कैप्टन एक देशभक्त क्यों लगा ? (3)

## Question 6

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that given below :-
निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

"कागज पर इन निर्जीव चित्रों को बनाने के बजाय दो-चार की जिंदगी क्यों नहीं बना देती , तेरे पास सामर्थ्य है , साधन हैं।"

(दो कलाकार-मन्नू भण्डारी )

(Do Kalakar- Mannu Bhandari)

1. वक्ता और श्रोता के नाम लिखते हुए इन पंक्तियों का संदर्भ लिखिए। (2)
2. 'कागज पर इन निर्जीव चित्रों' से आप क्या समझते हैं ? वक्ता चित्रों को निर्जीव क्यों कह रही है ? क्या आप इस विचार से सहमत हैं ? (2)
3. उपरोक्त कथन में वक्ता श्रोता को किस कार्य को करने के लिए प्रेरित कर रही है ? समझाकर लिखिए। (3)
4. 'दो कलाकार' कहानी की पात्र अरुणा व चित्रा का तुलनात्मक चरित्र-चित्रण कीजिए। (3)

## Question 7

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that given below :-
निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

"एक दिन बूढ़े सियार ने भेड़िये से कहा ,"मालिक , आज-कल आप बड़े उदास रहते हैं।"

(भेड़ें और भेड़िए हरीशंकर परिसाई - )

(Bhedein our Bhediye - Harishankar Parisai )

1. बूढ़े सियार ने भेड़िये से क्या कहा और क्यों ? उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (2)
2. बूढ़े सियार की बात का भेड़िये ने क्या उत्तर दिया ? भेड़िये की उदासी का क्या कारण था ? (2)
3. जंगल में ऐसी कौन-सी घटना होने वाली थी जिसने बूढ़े सियार और भेड़िये को परेशान कर रखा था ?

समझाकर लिखिए। (3)

4. बूढ़ा सियार समाज के किस वर्ग का प्रतिनिधि है ? उदाहरण देकर समझाइए। (3)

एकांकी संचय

| Ekanki Sanchay |

Question 8

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that given below :-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

"मैं कुमार के घर गई थी वहीं उसकी मिसरानी ने मुझे बताया।.... सुनकर मैं शर्म से गड़ गई।"

(संस्कार और भावना -विष्णु प्रभाकर)

(Sanskaar our Bhaavana –Vishnu Prabhakar )

1. इन शब्दों को किसने, किससे और कब कहा ? स्पष्ट कीजिए। (2)
2. कुमार के घर कौन गई थी ? उसे वहाँ, किसने और क्या बताया ? (2)
3. मिसरानी की बात सुनकर वह शर्म से क्यों गड़ गई ? समझाकर लिखिए। (3)
4. मिसरानी ने किसकी प्रशंसा की और क्यों ? विस्तारपूर्वक लिखिए। (3)

Question 9

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that given below :-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

"किन्तु उन्होंने यह सब क्यों कहा ? मैंने तो कभी उनसे इसकी शिकायत नहीं की ?"

(सूखी डाली – उपेन्द्रनाथ 'अश्क')

(Sookhi Dali – Upendranath 'Ashk')

1. 'उन्होंने' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ? वक्ता का उससे क्या सम्बन्ध है ? (2)
2. उन्होंने ऐसा क्या कह दिया कि वक्ता परेशान हो उठी ? (2)
3. ऐसी कौनसी शिकायत थी जो वक्ता ने नहीं की थी ? (3)
4. किनके बीच वार्तालाप चल रहा था ? दोनों का आपस में क्या सम्बन्ध है ? (3)

Question 10

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that given below :-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

अभयसिंह – "हाँ, खेल में भी तो कुछ वास्तविकता आनी चाहिए। मैंने सोचा है दुर्ग के भीतर अपने ही कुछ सैनिक रख दिए जाएँगे, जो बंदूकों से हम लोगों पर छूँछे वार करेंगे।"

(मातृभूमि का मान – हरिकृष्ण 'प्रेमी')

(Matrubhoomi ka Maan – Harikrishn 'Premi')

1. अभयसिंह किससे, कब, कहाँ और किस सन्दर्भ में वार्तालाप कर रहे हैं ? (2)

2. खेल में वास्तविकता लाने के लिए अभयसिंह ने क्या सोचा ? (2)

3. इस तरह नकली दुर्ग का विध्वंस करके प्रतिज्ञा का पालन करना कहाँ तक उचित है ? अपने विचार व्यक्त कीजिए। (3)

4. 'छूँछे वार' से क्या तात्पर्य है ? हाड़ा सैनिकों ने इस नकली युद्ध में अपनी कौन-सी भावना का परिचय दिया ? इस गद्यांश के आधार पर अभयसिंह के चरित्र के बारे में अपने विचार व्यक्त कीजिए। (3)

**************************************************